दैनिक जागरण 12/11/2024

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने अपने उद्देश्यों के प्रति किया जागरूक

जागरण संवाददाता • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला कैंट में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की हरियाणा प्रांत की संचालन समिति की प्रांतीय समीक्षा बैठक में उत्तर क्षेत्र संयोजक शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास जगराम की अध्यक्षता में हुई। इसमें न्यास के अध्यक्ष डा. संजीव शर्मा कुलसचिव कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र, संरक्षक डा. मेजर सिंह पूर्व प्राचार्य खालसा कालेज करनाल, संयोजक डा. देवी भूषण और सहसंयोजक डा. कुलदीप सिंह अध्यक्ष पंजाबी विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र और न्यास के सभी विषयों के संयोजक व सहसंयोजक उपस्थित रहे। सभी विषय संयोजकों द्वारा अपने विषयों पर हरियाणा प्रांत में शिक्षा उत्थान के लिए की गए गतिविधियों का कार्यवृत्त प्रस्तुत किया। जगराम द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की और सभी संयोजकों और सहसंयोजकों को प्रोत्साहित करते हुए और अधिक तेज गति से कार्य करने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि देश बदलना है तो शिक्षा को बदलकर यह लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं।

बैठक में लगभग 30 से अधिक शिक्षाविदों द्वारा अपने-अपने विचार रखें। डा. संजीव शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं को सुझाव दिया कि वह कम से कम 24 घंटे में 1 घंटे न्यास के कार्यों को दें तभी हम न्यास के उद्देश्यों को पूरा कर सकते हैं। उधर, कालेज में उद्यमियों की सफलता की कहानियां विषय पर 5 दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डा. गीता कौशिक के परिचयात्मक भाषण के साथ हुई। डा. सीमा कंसल और प्रो. नीलम द्वारा रिसोर्स पर्सन का औपचारिक स्वागत किया। पहले दिन का सत्र ब्रांड प्रबंधन और आइपीआर विषय पर डस. राहुल तनेजा ने छात्रों को आइपीआर, ट्रेडमार्क, कापीराइट और ब्रांडिंग की बुनियादी बातों से परिचित कराया।